हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखण्ड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांक : हे॰न॰ब॰ग॰वि॰वि॰/ परीक्षा/2021/ P.C/67 दिनांक :09 /02 /2021

सी.बी.सी.एस. विषम (Odd) सेमेस्टर/वार्षिक (मुख्य/व्या0) परीक्षा आवेदन–पत्र (मुख्य एवं अंकसुधार (बैक पेपर) 2020–21

एद्तद्वारा परिसरों एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में सी.बी.सी.एस. प्रणाली के अन्तर्गत मुख्य/व्यावसायिक एंव अंकसुधार परीक्षायें अध्ययनरत समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि उनके विषम (III, V, VII, IX) odd सेमेस्टर की परीक्षा मार्च माह के अन्तिम सप्ताह में प्रस्तावित है जो कि MCQ/OMR की प्रणाली के माध्यम से सम्पादित की जायेगी जिस हेतु परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन भरे जायेंगे। छात्र–छात्रायें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.online.hnbgu.ac.in पर लॉगइन (login) कर अपना परीक्षा आवेदन–पत्र निम्नलिखित तिथिवार ऑनलाइन भर सकते हैं।

1. छात्र–छात्राओं द्वारा ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की प्रारम्भ तिथि **09–02–2021**
2. छात्र–छात्राओं द्वारा ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि **28–02–2021**
3. छात्र–छात्राओं द्वारा ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने एवं ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा रसीद की प्रिंट प्रति महाविद्यालय/संस्थान/परिसर में जमा करने की अंतिम तिथि **05–03–2021**
4. महाविद्यालय/संस्थान/परिसर द्वारा सत्यापन करने के पश्चात् नामांकन आवेदन–पत्र तथा समस्त सेमेस्टर के परीक्षा आवेदन–पत्र एवं प्रमाणित रोललिस्ट विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि **10–03–2021**
5. छात्र–छात्राओं द्वारा ऑनलाइन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की अंतिम तिथि **28–02–2021** के बाद परीक्षा आवेदन पत्र भरने पर विलम्ब शुल्क **रु0 1000/–** अलग से देय होगा

परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन भरने की प्रक्रिया चरणबद्ध पूर्ण होगी।

चरण 1: परीक्षा आवेदन–पत्र ऑनलाइन भरे जायेंगे।

चरण 2: ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म में उपलब्ध लिंक के माध्यम से शुल्क जमा किया जा सकता है।

चरण 3: महाविद्यालय/संस्थान/परिसर छात्र के परीक्षा आवेदन पत्र को ऑनलाइन स्वीकृत/अनुमोदित करेगा।

चरण 4: महाविद्यालय/संस्थान/परिसर की स्वीकृत/वेरिफिकेशन के पश्चात् ही छात्र आना प्रवेश–पत्र एवं नामांकन आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकता है।

यदि किसी छात्र/छात्रा को ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र भरने में किसी भी प्रकार की समस्या आती है तो छात्र सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान/परिसर से सम्पर्क करें अथवा कोर्डिनेटर ईग्वर्नेस की मेल आईडी hnbguegovernance@gmail.com पर मेल करके समाधान पा सकते हैं।

कुलसचिव 08/02/21

प्रतिलिपिः

1. सम्पादक, दैनिक जागरण / हिन्दुस्तान / अमर उजाला / शाह टाइम्स / राष्ट्रीय सहारा को इस निवेदन के साथ प्रेषित कि छात्र हित में उपरोक्त विज्ञप्ति को अपने समाचार–पत्रों में निशुल्क प्रकाशित करने की कृपा करें।
2. संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक विश्वविद्यालय परिसर / निदेशक / प्राचार्य सम्बद्ध महाविद्यालय एवं संस्थान हेतु आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. प्रभारी, मान्यता को इस आशय से प्रेषित कि कोर्डिनेटर ई–गर्वनेन्स को विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालयों एवं संस्थानों की पाठ्यक्रम एवं स्वीकृत सीटों की अद्यतन सूची डी0पी0यू0 को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
4. कोर्डिनेटर ई–गर्वनेन्स / डी0पी0यू0 को इस आशय से प्रेषित कि पाठ्यक्रमों विषय के मान्यता एवं स्वीकृत सीटों के अनुरुप उक्त तिथिवार परीक्षा आवेदन–पत्र छात्र / छात्राओं की सुविधा हेतु ऑनलाइन करने का कष्ट करें।
5. अनुभागीय अधिकारी एवं प्रभारी, परीक्षा को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि छात्रों के द्वारा अपना परीक्षा आवेदन–पत्र शुल्क सहित भरने पर तथा महाविद्यालय द्वारा रोललिस्ट प्राप्त होने पर सभी छात्रों का शुल्क विवरण अच्छी तरह जांच कर लें कि सभी छात्रों ने निर्धारित परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालय कोष में जमा करवा दिया है। शुल्क कम होने की स्थिति में कोर्डिनेटर ईग्वर्नेस / डी0पी0यू0 को सूचित किया जाये ताकि वे ऐसे संबंधित छात्रों का प्रवेश पत्र जारी न करे। साथ ही विश्वविद्यालय के कैश काउन्टर से सभी शुल्क का विवरण सत्यापित करवा कर रिकंसाईल करवा लिया जाये।
6. कुलसचिव / वित्त अधिकारी / अधिष्ठाता छात्र कल्याण / मुख्य नियन्ता / उप–कुलसचिव / सहायक कुलसचिव / जन सम्पर्क अधिकारी / अनुभाग अधिकारी(मुख्य परीक्षा) / अनुभाग अधिकारी (परीक्षा नियंत्रक कार्यालय) / अनुभाग अधिकारी अति–गोपनीय / प्रभारी, उपकार्यालय बिन्दाल पुल देहरादून के सूचनार्थ प्रेषित।
7. परीक्षा नियंत्रक, मुख्य / व्यावसायिक परीक्षा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
8. सिस्टम मैनेजर को इस आशय से प्रेषित कि इस विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की मुख्य वेबसाइट www.hnbgu.ac.in पर प्रसारित करें।
9. वैयक्तिक सहायक, कुलपति कार्यालय – माननीय कुलपति महोदया जी के सादर सूचनार्थ प्रेषित।
10. विश्वविद्यालय सूचना पट हेतु।
11. गार्ड फाइल

08/04/2

कुलसचिव